28/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्य के उद्योग विभाग ने आज ईटानगर में एक उच्च प्रभाव वाली निवेश और उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें उत्तर पूर्व परिवर्तनकारी औद्योगिकीकरण योजना 2024 पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें उन्नति एवं अन्य औद्योगिक निवेश पहल शामिल हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्य सचिव मनीष गुप्ता ने उपभोक्ता से उत्पादक अर्थव्यवस्था में राज्य की बदलती भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और उद्यमिता को समर्थन देने के लिए 900 करोड़ रुपये का केंद्रीय वित्त पोषण आवंटित किया गया है। राज्य के उद्योग, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री न्यातो दुकाम ने हितधारकों से उपलब्ध योजनाओं का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा अवसर है और इच्छुक उद्यमियों को आगे आकर इसका सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए आमंत्रित किया।

**Byte Nyato Dukam**

0000000000000000000000

तोमो रिबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज (TRIHMS) के 2019 एमबीबीएस बैच का ग्रेजुएशन सेरेमनी आज नाहरलागुन स्थित परिसर में आयोजित किया गया। इस बैच में अरुणाचल प्रदेश के उनतीस सहित छियालीस छात्रों ने स्नातक किया है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने कहा कि TRIHMS राज्य में शिक्षा, नवाचार और सेवा के केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। उन्होंने मेडिकल प्रोफ़ेशनल्स की अगली पीढ़ी को आकार देने के लिए संस्थान की सराहना की। TRIHMS के डीन और प्रिंसिपल डॉ. श्यामल भट्टाचार्य ने स्नातक छात्रों को शपथ दिलाई। राज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री बियुराम वाहगे, राजीव गांधी युनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एस. के. नायक भी समारोह में उपस्थित रहें।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने राज्य की प्रथम महिला श्रीमती अनघा परनाइक के साथ आज नाहरलगुन के पापू नाला स्थित ओजू मिशन स्कूल का दौरा किया। उन्होंने नवनिर्मित शैक्षणिक ब्लॉक का दौरा किया, स्मार्ट क्लासरूम सुविधाओं का निरीक्षण किया, छात्रों की प्रोजेक्ट्स देखे और सामाजिक सेवा एवं शिक्षा में OWA की प्रभावशाली यात्रा को दर्शाने वाली फोटो गैलरी की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल और प्रथम महिला ने 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम के तहत एक वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी भाग लिया।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी।

आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

0000000000000000000000

राजीव गांधी युनिवर्सिटी में हिंदी अधिकारी श्रीमती **गुम्पी न्गुसो लोम्बी** को आज मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रीय लोक साहित्य पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ग्वालियर के सरकारी केंद्रीय पुस्तकालय और ग्वालियर साहित्य संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार श्रीमती गुम्पी के हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में योगदान और भारत की लोक साहित्य परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन में उनके काम को मान्यता देता है।

0000000000000000000000

भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 78 प्रतिशत की कमी हासिल की है, जो वैश्विक स्तर पर 61 प्रतिशत की कमी को पार कर गई है। संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की बाल मृत्यु दर अनुमान 2024 रिपोर्ट के अनुसार, नवजात मृत्यु दर में भी वैश्विक स्तर पर 54 प्रतिशत की तुलना में 70 प्रतिशत की कमी आई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि टीकाकरण कवरेज में सुधार पर निरंतर ध्यान देने के साथ, भारत ने वंचित आबादी तक पहुँचने के लिए एक सक्रिय और समावेशी दृष्टिकोण अपनाया है।

0000000000000000000000

भारतीय मजदूर संघ, अरुणाचल प्रदेश इकाई ने अरुणाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक संघ के सहयोग से कल टेनिस कोर्ट, आईजी पार्क, ईटानगर में एक सामूहिक सभा का आयोजन किया, जिसमें ईटानगर में हाल ही में हुई प्रभाष दोले की हत्या के खिलाफ एकजुटता व्यक्त की गई। मुख्यमंत्री पेमा खांडू को सौंपे गए ज्ञापन में संघ ने मृतक के माता-पिता के लिए मृत्यु मुआवजा और आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के 17 जिलों पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, क्रा दादी, कामले, सियांग, लेपा रादा, सियांग, अपर सियांग, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, शी-योमी, दिबांग वैली, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गीरने और तेज बारीश होने कि संभवना है।

0000000000000000000000